दिनांक :- 20/04/2024

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। बताते चलें कि भाषा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन माननीय कुलपति प्रो एन बी सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसका विषय था "quality confluence of Biotech, Pharma, Engineering & AI solutions to Global Problems" जिसमें देश विदेश के विद्वानों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग कियाI सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों ने भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन के दूसरे दिन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित विद्वानों , डॉ. विकास कुमार, डॉ. मनसफ आलम, प्रो. राजीव मिश्रा, डॉ. अभिनव कुमार श्रीवास्तव और डॉ. रोहित कृष्णा ने अपने अपने वक्तव्य दिए एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन का समापन समारोह अपरान्ह में आयोजित किया गया। समारोह के इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आलोक धवन और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बी.एन. मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। सत्र का प्रारंभ करते हुए सम्मेलन के समन्वयक प्रो सैयद हैदर अली ने सभी का स्वागत अपने अभिभाषण द्वारा किया जिसमें उन्होंने सम्मेलन का सारांश भी साझा किया I समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक धवन ने अपने उद्बोधन में ए आई के बारे में तमाम बातें बताते हुए उसके टेक्नोलॉजिकल डिटेल्स पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।और साथ ही विशिष्ट अतिथि प्रो. बी.एन. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में ए आई के आने से लोगों के जीवन में होने वाली सुविधाएं एवं सरलता के बारे बताया कि किस प्रकार किसी भी क्षेत्र में ए आई ने किस तरह हमारा जीवन आसान बना दिया है। समापन समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीरज शुक्ल द्वारा दिया गया I मंच संचालन डॉ रुचिता सुजय चौधरी द्वारा किया गया I शाम को फैशन शो और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कारवां बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो शालिनी, डॉ सुमन मिश्रा, डॉ असगर रिजवी, डॉ शान, डॉ आस्था सहित तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे I

जारीकर्ता:-
मीडिया कमेटी
केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ